आयोजन

खेलगांव स्टेडियम में आइआइएम रांची के एनुअल कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट रश-5.0 का आगाज

गीत-संगीत से लेकर खेलकूद में दिखाया दम

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची का एनुअल कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट रश-5.0 का शानदार आगाज शनिवार से खेलगांव स्टेडियम में हुआ। पहले दिन रंगारंग कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं ने खेलकूद में दम दिखाया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन आइआइएम के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आइआइएम के विद्यार्थी शिक्षा के साथ अन्य एक्टिविटी में भी आगे रहता है। इनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है समाज को कुछ देना। मौके पर स्टूडेंटस एसोसिएशन के चेयरपर्सन नितिन सिंह सहित अन्य थे।

आइआइएम रांची रहे विजेता : रश-5.0 में विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस वर्ष का थीम रेडियोएक्टिव रिसर्जेंस है। पहले दिन आइआइएम रांची की फुटबॉल टीम ने सीयूजे की टीम को 2-0 से हराया। इसी तरह टेबल टेनिस में आइआइएम रांची ने एमडीआइ मुर्शिदाबाद की टीम को हराया। इसके बाद एमडीआई मुर्शिदाबाद, अमिटी नोएडा व आइआइएम रांची की टीम ने सोलो व ड्यूट सांग पर शानदार प्रस्तुति से सभी को खूब झुमाया। सिंगिंग कंपीटिशन में बीआइटी सिंदरी के सन्नी कुमार विनर और अमिटी रांची की नंदिनी सिन्हा रनरअप रही। शाम में स्टेडियम में छात्र-छात्राएं द वार आफ बैंड्स की धुन पर खूब झुमे।

होटवार में आइआइएम रांची के प्रोगाम में नृत्य प्रस्तुत करते विद्यार्थी • जागरण

Dainik Jagaran. 02.02.2020. Pg. 02 (supl.)